# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

# Legislative Assembly
# National Capital Territory of Delhi

## प्रश्नों की सूची
## LIST OF QUESTIONS

बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022/03 चैत्र, 1944 (शक)

**Thursday, the 24th March, 2022/03 Chaitra, 1944 (Saka)**

तारांकित प्रश्न : 1 – 20

अतारांकित प्रश्न : 1 – 64

**Starred Questions : 1-20**

**Unstarred Questions : 1-64**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मौखिक उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022 / 03 चैत्र, 1944 (शक)

**कुल प्रश्नः 20**

1. **श्री जय भगवान** — **उच्च शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सरकार के पास सेक्टर 35, रोहिणी में अदिति कॉलेज और मौलाना आज़ाद मेडिकल एंड डेंटल यूनिवर्सिटी के लिए आवंटित भूमि है; और

ख) यदि हाँ, तो सरकार के पास इस भूमि के प्रयोग का क्या प्रस्ताव है?

2. **श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** — **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) आर.के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए प्राप्त आवेदनों का विवरण;

ख) इन आवेदनो की वर्तमान स्थिति बताएं; और

ग) इन वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण तथा ड्यूटी–आवंटन कब तक हो जाएगा, इसका विवरण?

3. **श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** — **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2020–2021 तथा 2021–2022 के दौरान दिल्ली में गाँवों के विकास के लिए आवंटित राशियों का विवरण;

ख) वर्ष 2020–2021 तथा 2021–2022 के दौरान उक्त राशियों में से किए गए खर्च का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण; और

ग) जिन परियोजनाओं पर उक्त राशियाँ खर्च की गई हैं, उनका विधानसभा क्षेत्रवार विवरण क्या है?



## LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

## List of Questions for ORAL ANSWERS

Thursday, the 24th March, 2022 / 03 Chaitra, 1944 (Saka)

**Total No. of Questions: 20**

1. **SHRI JAI BHAGWAN** — **HIGHER EDUCATION**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Government has land in Sector 35 Rohini allotted for Aditi College and Maulana Azad Medical and Dental University under Bawana Constituency; and

b) If yes, how does the Government propose to use it?

2. **SMT. PRAMILA DHIRAJ TOKAS** — **REVENUE**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) Details of applications received for Civil Defence Volunteers in the RK Puram Constituency;

b) The present status of these applications; and

c) Details of the time by when the training and duty allotment to these Civil Defence Volunteers be completed?

3. **SHRI RAMVIR SINGH BIDHURI** — **DEVELOPMENT**

Will the Hon'ble Minister of Development be pleased to state:

a) Details of the funds allocated for development of villages in Delhi during the years 2020-2021 and 2021-2022;

b) Constituency wise details of expenditure made out of these funds in 2020-2021 and 2021-2022; and

c) Constituency wise details of the projects on which these expenditures were incurred?

**4. श्री सुरेंद्र कुमार — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति की बहुत कमी है जिसके परिणामस्वरूप जल आपूर्ति सप्ताह में दो बार, केवल एक घंटे के लिए ही होती है;

ख) यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ग) गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में सीवर–कनेक्शन के लिए आवंटित राशि का विवरण;

घ) विगत दो वर्षों के दौरान गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभ किए गए कार्यों/परियोजनाओं का, उनके निविदा ब्यौरे सहित, विवरण; और

ङ) विगत दो वर्षों के दौरान गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगाए गए ट्यूबवेलों का विवरण?

**5. श्री प्रकाश जारवाल — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि एओ/ज़ेडआरओ के पाँच पदों को डीएसएसएसबी के द्वारा भरा जाना था;

ख) क्या यह भी सत्य है कि इनमें से केवल दो पद ही भरे गए हैं और तीन पद अभी–भी खाली हैं;

ग) क्या प्रतीक्षा सूची के योग्य उम्मीदवारों से इन पदों को भरने पर विचार किया जा रहा है; और

घ) इन पदों को भरे जाने हेतु उठाए गए कदमों का विवरण क्या है?

**6. श्री जितेंद्र महाजन — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली वासियों को सप्ताह में सातों दिन चौबीसों घंटे पानी उपलब्ध कराने के लिए योजना का विवरण, क्या इसके लिए किसी निजी एजेंसी को अनुबंधित किया गया है। यदि हाँ, तो इन एजेंसियों/कंसल्टेंट्स के साथ हुए अनुबंध का विवरण व अनुबंध की प्रति उपलब्ध कराएँ;



**4. SHRI SURENDRA KUMAR — DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that there is acute shortage of water supply in the Gokulpur constituency as a result of which water is supplied twice a week for one hour only;

b) If yes, steps taken by department to resolve the problem;

c) The details of funds allocated for sewer connections in the Gokulpur Constituency;

d) Details of the works/projects undertaken in the Gokulpur constituency during the past two years alongwith their tender details; and

e) Details of tube wells installed in the Gokulpur Constituency during the past two years?

**5. SHRI PRAKASH JARWAL — DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that five posts of AO/ZRO were to filled through DSSSB;

b) Whether it is a fact that only two posts were filled up and three are still lying vacant;

c) Whether waitlisted qualified candidates are being considered to fill up these posts; and

d) Details of steps taken to fill up these posts at the earliest?

**6. SHRI JITENDER MAHAJAN — DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Details of the scheme for providing drinking water 24x7 to the people of Delhi. Whether any private agencies have been engaged for this purpose. If so the details of the contract entered into with these agencies or consultants along with the copies of the contract;

ख) विगत पाँच वर्षों में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए बोरवेल्स का विवरण। क्या पर्यावरण विभाग अथवा अन्य विभागों से एतद्संबंधी अनुमति ली गई थी। यदि हाँ, तो उसका विवरण दें;

ग) विगत पाँच वर्षों में दिल्ली में भूजल–स्तर हेतु किए गए अध्ययनों का विवरण व उनके निष्कर्ष;

घ) दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय स्थिति का विवरण;

ङ) विगत सात वर्षों में भूजल संरक्षण हेतु उठाए गए कदमों का विवरण; और

च) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा प्रति दिन की जाने वाली जल आपूर्ति का विवरण तथा 20000 किलो लीटर निःशुल्क जल आपूर्ति से लाभान्वित होने वाली जनसंख्या का विवरण?

**7. श्रीमती बंदना कुमारी — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि हरियाणा सिंचाई विभाग ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर में आरडी55035 पर पुल के पुनर्निर्माण हेतु अपने पत्र संख्या 2497–99/97–डब्ल्यू दिनांक 28.07.2021 के द्वारा 2.10 करोड़ रुपए का एस्टीमेट प्रस्तुत किया है;

ख) इस कार्य की वर्तमान स्थिति का विवरण;

ग) स्थानीय विधायक द्वारा इस संबंध में अनेक पत्र, अनुस्मारक लिखे जाने और माननीय मुख्यमंत्री से बैठक किए जाने के बाद भी इस कार्य को पूरा किए जाने में होने वाले विलंब का कारण;

घ) यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा;

ङ) सिंघलपुर गाँव, शालीमार बाग में लोक निर्माण विभाग की सड़क को चौड़ा करने के काम में होने वाले विलंब के कारण व इस कार्य को कब तक पूरा कर लिया जाएगा; और

च) आउटर रिंग रोड से प्रेमबाड़ी पुल तक हरियाणा ड्रेन के दोनों ओर 20 फुटा सड़क के निर्माण कार्य में होने वाले विलंब का कारण, व यह कार्य कब तक पूरा होगा?



b) Details of the borewells dug by DJB during the past five years. Whether the permission was taken from the Environment Department or other Departments for this purpose. If so, the details thereof;

c) Details of the studies undertaken to study the underground water level in Delhi during the past five years and their findings;

d) Details of the Financial status of Delhi Jal Board;

e) Details of the steps taken for underground water conservation during the past seven years; and

f) Details of the water supplied by Delhi Jal Board daily. Details of the number of people who have benefitted from the free water supply up to 20000 Kilo Liters monthly?

**7. SMT. BANDANA KUMARI — PWD**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Haryana Irrigation Department has submitted an estimate for Rs. 2.10 Cr. for re-construction of the bridge on RD55035 in Haiderpur of Shalimar Bagh Constituency vide their letter no. 2497-99/97-W Dated 28.07.2021;

b) Details of the present status of this work;

c) Reasons for delay in execution of this work in spite of repeated letters, reminders by the Area MLA including a meeting with the Hon'ble Chief Minister;

d) By when this work will be completed;

e) Reasons for delay in execution of the work of widening of PWD road in Singhalpur village, Shalimar Bagh and by when this work will be completed; and

f) Reasons for delay in the work of construction of 20 Feet Road on both sides of the Haryana Drain from Outer Ring Road to Prembari Pul and by when this work will be completed?

**8. श्री एस के बग्गा** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 21ई कृष्णा नगर, 22ई अनारकली, 23 ई घोंडली व 24 ई गीता कॉलोनी के इन चार म्युनिसिपल वार्डों में नियुक्त कर्मचारियों का उनके नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर सहित विवरण ;

ख) कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में अनुमान के आधार (एस्टीमेट बेसिस) पर जारी किए जाने वाले अधिक राशि के बिलों की समस्या के समाधान हेतु उठाए जा रहे कदमों का विवरण;

ग) ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या का विवरण जिन्हें कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क जल तथा सीवर के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं; और

घ) कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के चार वार्डों में सीवर की सफाई के लिए लगाए गए वाहनों का विवरण?

**9. श्री सौरभ भारद्वाज** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत पाँच वर्षों में ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में की गई पेड़ों की छँटाई का विवरण;

ख) विगत पाँच वर्षों में वन विभाग में एतद्संबंधी अनुमति हेतु किए गए आवेदनों का विवरण; और

ग) उक्त कार्य के लिए उत्तरदायी अधिकारियों का विवरण उनके नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर सहित?

**10. श्री अजय महावर** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि गामड़ी रोड को चौड़ा करने का काम राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के बाद ही आरंभ किया जाएगा, जैसा अतारांकित प्रश्न संख्या–69 दिनांक 3 जनवरी, 2022 के उत्तर में बताया गया है;

ख) यदि हाँ, तो राजस्व विभाग द्वारा किए जाने वाला सीमांकन कार्य कब तक पूरा होगा;



**8. SHRI S.K. BAGGA** **DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Details of employees deployed in the four municipal wards of Krishna Nagar AC i.e. 21E Krishna Nagar, 22E Anarkali, 23 E Ghondli, 24 E Geeta Colony for water/sewer problems along with their name, designation and mobile numbers;

b) Steps taken to resolve the problem of excess billing being generated on Estimate basis in the Krishna Nagar AC;

c) Details of the number of people who have got free water and sewer connections in the Krishna Nagar AC; and

d) Details of vehicles deployed in the four wards of Krishna Nagar AC for the purpose of sewer cleaning?

**9. SHRI SAURABH BHARADWAJ** **EDUCATION**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Details of tree pruning conducted in schools falling under the Greater Kailash AC during the past five years;

b) Details of the permission applied with the Forest Department for this purpose in the last five years; and

c) Details of the officers responsible for the above work alongwith their name, designation and contact numbers?

**10. SHRI AJAY MAHAWAR** **REVENUE**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the work of widening of Ghamri Road will be undertaken only after demarcation is done by the Revenue Department as replied to Unstarred Question 69 dated 3 January 2022;

b) If yes, by when will the demarcation work be completed by the Revenue Department;

ग) क्या यह भी सत्य है कि सीमांकन का यह कार्य मुख्य सचिव द्वारा मैसर्स रॉयल एंटरप्राइसेज को आवंटित किया गया था और इस संबंध में कंपनी द्वारा अपनी रिपोर्ट 2019 में जमा कराई जा चुकी है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण, और

ङ) गामड़ी रोड के चौड़ीकरण का कार्य कब तक पूरा होगा?

**11. श्री पवन शर्मा — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के एक रिहाइशी इलाके में मैसर्स आई एल एंड एफ एस को 'डिमोलीशन' के कचरे से इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण की इकाई के परिचालन की अनुमति दी गई थी;

ख) यदि हाँ, तो यह अनुमति प्रदान करने वाले प्राधिकरण का नाम;

ग) उक्त इकाई के परिचालन हेतु आईएल एंड एफएस को आवंटित की गई भूमि का विवरण और यह भूमि कितने समय तक के लिए आवंटित की गई है, संपूर्ण विवरण;

घ) क्या इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए गए है कि यह कंपनी अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन न करते हुए आवंटित भूमि से अधिक का अतिक्रमण न करे;

ङ) क्या यह सत्य है कि कंपनी ने डिमोलीशन कचरे हेतु आवंटित भूमि के अतिरिक्त भी बड़े क्षेत्र का उपयोग किया है; और

च) यदि हाँ, तो इस संबंध में कंपनी के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण?

**12. श्री भूपिंदर सिंह जून — शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) शिक्षा विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत निजी स्कूलों में अनुशंसित किए गए छात्रों की संख्या और क्या इन सभी छात्रों का ईडब्ल्यूएस श्रेणी में निजी स्कूलों में प्रवेश हुआ;



c) Whether it is also a fact that the work of demarcation had been allotted to M/s. The Royal Enterprises by the Chief Secretary and the Report in this regard has been submitted by the Company in 2019;

d) If yes, the details thereof; and

e) By when will the work of widening of the Ghamri Road be completed?

**11. SHRI PAWAN SHARMA — PWD**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that M/s IL&FS has been allowed to operate its manufacturing unit of interlocking tiles from demolition waste in a residential area of the Adarsh Nagar AC;

b) If yes, the authority which has given permission for this;

c) Details of the land allocated to M/s. IL&FS for operating this unit and the time till when it has been allocated this land;

d) Whether any steps are being taken to ensure that this Company does not violate the terms of the contract by encroaching on area beyond what it has been allocated;

e) Whether it is a fact that the Company has used large area outside its allotted area for dumping demolition waste; and

f) If yes, the details of the action being taken against the Company?

**12. SHRI BHUPINDER SINGH JOON — EDUCATION**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Number of students recommended by the Education department for admission under EWS category in private schools during the past three years. Whether all these students were admitted under the EWS category in the private schools;

ख) क्या एक शैक्षिक वर्ष में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश सामान्य श्रेणी के प्रवेश के आनुपातिक होता है; यदि हाँ, तो दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों में सामान्य श्रेणी में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के अनुपात में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के विद्यार्थियों की गैरआनुपातिक रूप से अनुशंसा अधिक संख्या में करने के कारण;

ग) क्या ईडब्ल्यूएस श्रेणी में प्रवेश को जानबूझकर ना करने के लिए किसी निजी स्कूल के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है;

घ) दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत जारी किए गए आदेशों/अधिसूचनाओं का विवरण;

ङ) क्या निजी स्कूल ईडब्यूएस श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त छात्र को यूनीफॉर्म, किताबों आदि के भुगतान के लिए कह सकता है; और

च) यदि किसी निजी स्कूल द्वारा किसी विद्यार्थी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश देने से मना कर दिया जाता है, तो ऐसे छात्र के लिए उपलब्ध विकल्पों का विवरण?

**13. श्री अभय वर्मा — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 01.04.2020 से 11.03.2022 तक 'वाईफाई हॉटस्पॉटों' तथा ऐसे बस स्टापों का विवरण, जहाँ वाईफाई सुविधा दी जा रही है;

ख) वाईफाई सुविधा के लिए स्पॉट का चयन करने के क्या मानदंड हैं और क्या क्षेत्रीय विधायक की इस चयन में कोई भूमिका होती है;

ग) लोक निर्माण विभाग द्वारा लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन अथवा प्रस्तावित भवनों व कमरों के निर्माण का विवरण, इन परियोजनाओं में उत्तरदायी अधिकारियों का विवरण, उनके नाम, पदनाम व संपर्क संख्या सहित, प्रदान करें;

घ) मदर डेयरी, गणेश चौक रोड पर फुटओवर ब्रिज के कार्य के एस्टीमेट का विवरण और यह कार्य कब तक पूरा होगा;

ङ) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में अप्रैल, 2020 से मार्च, 2022 के दौरान लोक निर्माण विभाग के नालों की सफाई के लिए आवंटित राशि का विवरण तथा यह कार्य किस संस्था के माध्यम से किया गया; और



b) Whether admission under EWS category is proportionate to the admission in General Category in an academic year. If yes, the reasons for recommending more students under EWS category for admission, disproportionate to the general category students admitted by private schools;

c) Whether any action has been taken against any private school for deliberately denying admission under the EWS category;

d) Details of the orders/notifications issued in respect of admission under the EWS category by Private Schools in Delhi;

e) Whether the private schools can ask the students admitted under EWS category to pay for uniforms books etc.; and

f) Details of the options can be taken by a student in case his/her admission under EWS category is denied by any private school?

**13. SHRI ABHAY VERMA — PWD**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Details of Wi-Fi Hotspots and Bus Stops where Wi-Fi facility has been provided in Laxmi Nagar AC since 01.04.2020 to 11.03.2022;

b) The criteria and procedure for selecting a spot for providing Wi-Fi facility and whether the Area MLA has any role in selecting the spot;

c) Details of buildings and rooms being constructed or proposed to be constructed in Laxmi Nagar AC by the PWD. Contact details of the officers responsible for these projects;

d) Details of the estimate of work of Foot Over Bridge in Mother Dairy Road, Ganesh Chowk and by when will this be completed;

e) Details of the funds allotted and spent on the work of cleaning of PWD Drains in Laxmi Nagar AC for the period April 2020 to March 2022 and the agency through which this work was done; and

च) लक्ष्मीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगाए गए और प्रस्तावित रूप से लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों का विवरण एवं लक्ष्मीनगर विधान सभा में सीसीटीवी कैमरों को लगाने में होने वाली देरी के कारण?

**14. श्री सोमनाथ भारती** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र, एसी–43 में गाँवों की कुल संख्या;

ख) इन गाँवों में विकास कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि का विवरण;

ग) जिन कार्यों के लिए यह राशियाँ स्वीकृत की गई हैं, उनका विवरण; और

घ) गाँवों के विकास हेतु स्वीकृत धनराशि से काम करवाने हेतु स्थानीय विधायक द्वारा किए अनुरोधों पर की गई कार्रवाई का विवरण?

**15. श्री अजय दत्त** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में बीआरटी शेख सराय से खानपुर तक सड़क के सौंदर्यीकरण के कार्य की क्या स्थिति है और यह कार्य कब तक पूरा होगा;

ख) लोक निर्माण विभाग द्वारा अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का विवरण, तत्संबंधी वर्कऑर्डर के साथ;

ग) लोक निर्माण विभाग द्वारा अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों का विवरण;

घ) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों, प्लेटफॉर्मों, पार्कों, नालियों, डिवाइडर बनाने हेतु आवंटित राशि का विवरण;

ङ) इन कार्यों को पूरा किए जाने की क्या स्थिति है; और

च) इन कार्यों के लिए जारी की गई निविदाओं का विवरण व उनकी प्रतियाँ?



f) Details of the CCTV Camera installed and proposed to be installed in Laxmi Nagar AC. Reasons for delay in installing the CCTV cameras in Laxmi Nagar AC?

**14. SHRI SOMNATH BHARTI** **DEVELOPMENT**

Will the Hon'ble Minister of Development be pleased to state:

a) The number of villages in AC-43 Malviya Nagar;

b) Details of funds sanctioned for development works in these villages;

c) Details of the works for which these funds have been sanctioned; and

d) Details of the action taken on the requests sent by the MLA for the works to be undertaken from funds meant for developing villages?

**15. SHRI AJAY DUTT** **PWD**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The status of the work of beautification of the road from BRT Sheikh Sarai to Khanpur in Ambedkar Nagar AC and by when this work will be completed;

b) Details of works being undertaken by PWD in Ambedkar Nagar AC alongwith copies of their work orders;

c) Details of works proposed to be undertaken in Ambedkar AC by PWD;

d) Details of funds allotted for new roads, platforms, parks, drains, dividers in Ambedkar Nagar AC;

e) Status of completion of these works; and

f) Details of the tenders awarded for these works alongwith their copies?

**16. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में विगत पाँच वर्षों के दौरान पुरानी एवं खराब पाइप लाइनों को बदलने के लिए आवंटित राशियों का विवरण;

ख) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 के दौरान पुरानी एवं खराब पाइप लाइनों को बदलने के लिए आवंटित राशियों का विवरण;

ग) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 के दौरान नई पाइप लाइन डालने हेतु आवंटित राशि; और

घ) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 के दौरान जल आपूर्ति में सुधार हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**17. सुश्री भावना गौड़** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएमसी महावीर एन्क्लेव में स्थापित सीवर लाइनों के साथ बेकार (waste) पानी की नालियों को जोड़ रहा है;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह कार्य उचित है और माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में जारी आदेशों का उल्लंघन नहीं है;

ग) क्या इस संबंध में एसडीएमसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है, अथवा की जानी प्रस्तावित है;

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण?

**18. श्री कुलदीप कुमार** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि मयूर विहार–III स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल बंद होने जा रहा है;

ख) यदि हाँ, तो इसका विवरण, और

ग) इस स्कूल में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?



**16. SHRI OM PRAKASH SHARMA** **DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Funds allotted for replacing old and faulty pipelines in Vishwas Nagar AC during the past five years;

b) Funds allotted for replacing old and faulty pipelines in Vishwas Nagar AC during the year 2022;

c) Funds allotted for laying new pipe lines in the year 2022 in Vishwas Nagar AC; and

d) Steps taken to improve the water supply in Vishwas Nagar AC during the year 2022?

**17. Ms. BHAWNA GAUR** **DJB**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the SDMC is connecting waste water drains to the sewer lines installed by DJB in Mahavir Enclave of Palam AC;

b) If yes, is this a correct practice and not a violation of the directions issued by the Hon'ble Delhi High Court in this regard;

c) Whether any action is being taken or proposed to be taken against SDMC in this regard; and

d) If yes, the details thereof?

**18. SHRI KULDIP KUMAR** **EDUCATION**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Sardar Patel Public School in Mayur Vihar-III is going to close down;

b) Details thereof; and

c) What steps are being taken to protect the interests of students admitted under EWS category in this School?

**19. श्री अनिल कुमार वाजपेयी** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि कुछ वर्ष पहले एसडीएम (गांधीनगर) का कार्यालय नंदनगरी, शाहदरा ज़िले में स्थानांतरित कर दिया गया था;

ख) क्या यह भी सत्य है कि आश्वासन दिए जाने के बावजूद इस कार्यालय को पुनः गांधीनगर में स्थानांतरित नहीं किया गया है; और

ग) इस कार्यालय को पुनः गांधीनगर में स्थानांतरित किए जाने में विलंब के क्या कारण हैं?

**20. श्री रोहित महरौलिया** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि ब्लॉक 2 जेजे कैंप त्रिलोकपुरी से मदर मैरी स्कूल तक का नाला बहुत खराब स्थिति में है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि विधायक द्वारा इस नाले की स्थिति का निरीक्षण सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की उपस्थिति में किया गया था;

ग) विधायक द्वारा अनेक अनुस्मारक दिए जाने और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने के बावजूद इस नाले की मरम्मत न किए जाने के क्या कारण हैं; और

घ) यह मरम्मत कार्य कब तक पूरा हो जाएगा?

**राजकुमार**
**सचिव**



**19. SHRI ANIL KUMAR BAJPAI** **REVENUE**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the office of the SDM (Gandhi Nagar) was shifted to the Nand Nagri, Shahdara District Office some years back;

b) Whether it is also a fact that in spite of assurances the Office has not been shifted back to Gandhi Nagar; and

c) The reasons for delay in shifting the office back to Gandhi Nagar?

**20. SHRI ROHIT MEHRAULIA** **PWD**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the drain from Block No.2 JJ Camp Trilokpuri to Mother Mary School is in a very poor condition;

b) Whether it is also a fact that the condition of the drain was inspected by the MLA in the presence of the SE and Executive Engineer concerned;

c) Reasons for not repairing the drain in spite of repeated reminders by the MLA and inspection by senior officers; and

d) Time by when the work of repair of this work will be completed?

**RAJ KUMAR**
**SECRETARY**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## लिखित उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022 / 03 चैत्र, 1944 (शक)

**कुल प्रश्नः 64**

**01 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधानसभा में कितने नये सरकारी स्कूल बनाए जा रहे हैं? जिन पुराने सरकारी स्कूलों में नये क्लासरूम बनाये जा रहे हैं उन सभी स्कूलों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें;

ख) मॉडल टाउन विधानसभा के अंतर्गत कितने सरकारी स्कूलों में पूर्ण रूप से कैमरे लगा दिए गए हैं एवं कितने स्कूलों में कैमरों को लगाने का कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाया है इसकी जानकारी उपलब्ध करायें;

ग) मॉडल टाउन विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों में कितने गार्ड एवं सफाई कर्मचारी आवंटित हैं तथा इनका टेंडर किस कंपनी को दिया गया है, इन सभी कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी पीएफ, ईएसआई अकाउंट के साथ उपलब्ध करायें;

घ) मॉडल टाउन विधानसभा के सभी प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें;

ड.) मॉडल टाउन विधानसभा में कितने स्कूल ईडब्लूएस कैटेगिरी के अंतर्गत आते हैं, पूर्ण सूची उपलब्ध कराई जाए; और

च) मॉडल टाउन विधानसभा में आने वाले स्कूलों में जो ईडब्लूएस कैटेगिरी के अंतर्गत आते हैं, उनमें पिछले 3 सालों में पढ़ने वाले नर्सरी से कक्षा आठ तक के ईडब्लूएस कैटेगिरी के बच्चों की जानकारी उपलब्ध करायें?

**02 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या बदरपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जैतपुर विस्तार पार्ट–2 में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है;

ख) यदि हाँ, तो इस स्कूल में छात्र–छात्राओं को कब से प्रवेश देना शुरू कर दिया जायेगा; और

ग) इस विद्यालय भवन के निर्माण पर कितनी धनराशि खर्च हुई है, पूर्ण विवरण दे?

**03 श्री एस.के.बग्गा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में दिल्ली सरकार के स्कूलों में अध्यापकों के कितने पद खाली पड़े हैं, स्कूल वाइस, सब्जेक्ट वाइस एवं पोस्ट वाइस विवरण देने का कष्ट करें; और

ख) कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में कितने स्कूलों में स्कूल हेल्थ क्लीनिक खोलने का प्रस्ताव है, पूर्ण विवरण दें?

**04 श्री अभय वर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के अंतर्गत भविष्य में आने वाले स्कूलों का विवरण दें और स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2022–2023 के दाखिला प्रक्रिया में दिये जा रहे आरक्षण का विवरण दें;

ख) क्या एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. वर्ग के लाभार्थी वर्गों की तरह सामान्य वर्गों में ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों को भी समुचित आरक्षण दिया जा रहा है, यदि हां, तो कितना और यदि नहीं, तो क्यों नहीं;

ग) डी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त दिल्ली सरकार के नवनिर्मित एस.ओ.एस.ई विद्यालयों में दाखिला हेतु ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के छात्र–छात्राओं का आरक्षण कितने प्रतिशत है;



घ) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, स्पोर्ट्स, हेल्थ और ओपन जिम की व्यवस्था का स्कूल अनुसार पूर्ण विवरण दें;

ड.) लक्ष्मी नगर विधान सभा में नये क्लास रूम कितने बनाये जा रहे हैं और भविष्य में कितने बनेंगे, स्कूल अनुसार विवरण दें; और

च) दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान सत्र 2021–2022 और विगत शैक्षणिक सत्र 2020–2021 में स्कूल यूनिफार्म आदि के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति की रकम जारी नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

**05. श्री अजय महावर** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 29 जुलाई, 2021 के सत्र में माननीय उप–मुख्य मंत्री के जवाब के अनुसार प्रधानाचार्य के 363 पद सीधी भर्ती (लोक सेवा संघ आयोग के माध्यम से) तथा 392 पद विभागीय पदोन्नति द्वारा भरे जाने हैं, इन सभी पदों को अभी तक न भरे जाने के क्या कारण हैं कृपया पूरी जानकारी दें;

ख) दिल्ली सरकार के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों के कुल कितने पद रिक्त हैं और वे कब तक किस प्रकार से भरे जाएंगे;

ग) दिल्ली सरकार द्वारा 15 स्कूलों को विलय (को–एजुकेशन) कर दिये जाने के बाद अपनी लड़कियों को को–एजुकेशन में ना पढ़ाना चाहने वाले पेरेंट्स की लड़कियों के लिए नए स्कूल नहीं खोले जाने तथा उन्हें को–एजुकेशन में पढ़ने के लिए बाध्य किये जाने के क्या कारण हैं;

घ) क्या स्कूलों को मर्ज करने से पहले पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन या विद्यालय प्रबंधन समिति से सलाह ली गई थी;

ड.) घोंडा विधानसभा के स्कूलों में कुल कमरों की संख्या कितनी है और उसमें कितने कमरे गैर–शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रयोग किये जाते हैं और कमरों की कमी के कारण छात्रों को आल्टरनेट डेज में विद्यालय में बुलाये जाने के क्या कारण हैं; और

च) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार स्कूलों को प्रधानाचार्य, उप–प्रधानाचार्य और शिक्षकों की भारी कमी को पूरा करने के लिए ही को–एजुकेशन कर रही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

**06. श्री अनिल कुमार वाजपेयी** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गांधी नगर विधानसभा में कितने सरकारी स्कूल आते हैं, उनका नाम और स्कूल आईडी उपलब्ध कराई जाए; और

ख) गांधी नगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में चल रहे बिल्डिंग या अन्य विकास कार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**07 श्री सुरेन्द्र कुमार** **शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) गोकलपुर विधान सभा के हर्ष विहार क्षेत्र में स्थित उच्च विद्यालय में कमरों के अभाव को देखते हुए क्या वहां कमरों के निर्माण की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक शुरू हो जाएगा;

ग) क्या उसके लिए बजट का आवंटन हो गया है; और

घ) यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ?

**08 श्री जितेंद्र महाजन** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) कोरोना में जान गंवाने वाले ऐसे अभिभावकों की संख्या कितनी है जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं तथा ऐसे कितने बच्चों की फीस माफ की गई है, कुल राशि सहित जानकारी उपलब्ध कराएं;

ख) फीस माफी योजना के अंतर्गत कितने बच्चों ने आवेदन किया, कितने प्राइवेट स्कूलों के लिए आवेदन आया तथा कितनों की फीस माफ कराई गई;



ग) ऐसे निजी स्कूलों की संख्या बताएं जिन्होंने फीस माफी के अंतर्गत सरकार के आदेश की अवहेलना की; और

घ) इस योजना में विज्ञापन पर कुल कितना खर्च हुआ?

**09 श्री विजेंद्र गुप्ता** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2021–22 में दिल्ली में किन–किन स्थानों पर नए स्कूल खोले गए;

ख) क्या दिल्ली सरकार ने पिछले सात सालों में कोई पुराने स्कूल बंद किए हैं, यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं;

ग) वर्ष 2022–23 में दिल्ली में किन–किन स्थानों पर नए स्कूल खोलने की सरकार की योजना है;

घ) ये नए स्कूल कब तक खोल दिए जाएंगे, पूर्ण विवरण दें; और

ङ) वर्ष 2021–22 में दिल्ली में कितने स्कूलों को एक पाली में किया गया, पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**10. श्री विजेन्द्र गुप्ता** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा प्राइवेट स्कूलों में डेवलपमेंट तथा एनुअल चार्ज का आंकलन किस आधार पर किया जाता है;

ख) क्या इससे संबंधित कोई मापदंड बनाए गए है;

ग) यदि हां, तो इन मापदंडों की अवहेलना करने वाले स्कूलों पर क्या कार्रवाई की गई जानकारी उपलब्ध कराएं;

घ) किसी भी प्राइवेट स्कूल का फीस स्ट्रक्चर किस आधार पर बनाया जाता है तथा डेवलपमेंट चार्ज, एनुअल चार्ज, बिल्डिंग फंड, ट्रांसपोर्ट चार्ज किस आधार पर लिया जा सकता है तथा हर साल कितना इन्क्रीज किया जा सकता है; और

ड.) क्या कोई स्कूल एडमिशन लेने वाले बच्चों से ट्रस्ट या स्कूल के नाम पर डोनेशन ले सकता है, यदि हां, तो कृपया जानकारी उपलब्ध कराएं?

**11 श्रीमती बंदना कुमारी** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) शालीमार बाग विधान सभा क्षेत्र में स्थित सैकण्ड्री स्कूल को अपग्रेड करके सीनियर सैकण्ड्री स्कूल बनाने हेतू डीओई ;क्व्म्द्ध द्वारा स्वीकृत कर दिए जाने, ग्राम सभा द्वारा भूमि दिए जाने तथा इसके लिए नए भवन का प्रस्ताव किए जाने के बावजूद इस कार्य में विलंब होने के क्या कारण हैं;

ख) यह कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा;

ग) शिक्षा विभाग द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अर्न्तगत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए छात्रों को शार्टलिस्ट किए जाने के बाद भी प्राइवेट स्कूलों द्वारा दाखिला न दिए जाने के क्या कारण हैं और नियमों की अवहेलना करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ क्या कार्यवाई की गई, पूर्ण विवरण दें; और

घ) एएच ब्लॉक शालीमार बाग में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पुर्ननिर्माण में देरी होने के क्या कारण है, पूर्ण विवरण दें?

**12. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग रिसेटलमेंट कॉलोनी 12 गज में सीवर और पानी का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा दिल्ली जल बोर्ड द्वारा घर–घर सीवर पानी के कनेक्शन कब तक दे दिए जायेंगे;

ख) क्या यह सत्य है कि मॉडल टाउन प्रथम एवं द्वितीय की सीवर लाईन पिछले 3 सालों से ओवरफ्लो कर रही है जिसका कनेक्शन पीडब्ल्यूडी के ड्रेन कनेक्शन किया हुआ है जोकि एनजीटी के रूलों के खिलाफ है, यदि हां, तो इसका समाधान कब तक कर लिया जाएगा, पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;



ग) मॉडल टाउन विधान सभा में वर्तमान में कितने ट्यूबवेल एवं सीवरेज पंप हाउस हैं और कितने नए लगाए जाने हैं। इन पर किन किन कर्मचारियों की ड्यूटी है, पूर्ण विवरण दें;

घ) मॉडल टाउन विधान सभा में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जे जे कल्स्ट्ररों में कितने आरओ प्लांट लगाए जाने थे और इनको कब तक लगा दिया जाएगा; और

ड.) मॉडल टाउन विधान सभा में जेड आर ओ कार्यालय व अन्य प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा, पूर्ण विवरण दें;

**13. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों में वर्ष 2019–2020 में सीवर लाइन डालने की एक योजना बनाई गयी थी;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि सीवर लाइन डालने की सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद दिल्ली सरकार के एक मंत्री ने उस फाइल को अपने पास रोका हुआ है;

ग) यदि हां, तो उसको रोके जाने के क्या कारण हैं; और

घ) इस कार्य की स्वीकृति कब तक दी जायेगी?

**14 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बदरपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों एवं गांवों में सीवर लाइन डालने की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो उस योजना का ब्यौरा क्या है; और

ग) सीवर लाईन डालने का यह कार्य कब से शुरू हो जायेगा?

**15 श्री अभय वर्मा** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सीवर लाईन व पानी की पाइप लाईन के रख–रखाव एवं नवीनीकरण के लिए हायर की गई थर्ड पार्टी का ब्यौरा दें, दिल्ली सरकार द्वारा इस पर कितना खर्च किया जा रहा है और लक्ष्मी नगर विधानसभा में कितने पैसे खर्च करके जल बोर्ड का यह कार्य किया जायेगा;

ख) शाहदरा लिंक ड्रेन का जीर्णाद्वार (गणेश नगर कॉम्प्लेक्स का बड़ा नाला अक्षरधाम मेट्रो के सामने) के कार्य से संबंधित अधिकारी का पूर्ण विवरण उपलब्ध करवायें तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरा होगा और इस पर क्या खर्च आयेगा;

ग) क्या इस जगह को पार्क के रूप में विकसित करने की सरकार की कोई योजना है;

घ) लक्ष्मीनगर विधानसभा में कुल कितने रेनीवेल कार्यरत हैं, कितने बंद पड़े हुए हैं, जो रेनीवेल कार्य कर रहे हैं, इनका पानी ट्रीटमेंट होकर कहां जाता है, इसका पूरा विवरण दें;

ड.) बीते वर्ष में पानी की कमी को देखते हुए आगामी गर्मी के मौसम के लिए लक्ष्मीनगर विधानसभा क्षेत्र में पेय जल की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने क्या कदम उठाये गये हैं; और

च) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में किस–किस यूजीआर से कितने पानी की आपूर्ति की जाती है, क्या किसी ट्रीटमेंट प्लांट से भी लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति होती है, यदि हां, तो कहां–कहां से कितने पानी की आपूर्ति होती है?

**16 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कलस्टर कालोनियों में पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगाने की कोई योजना है;



ख) यदि हां, तो यह कार्य आर के पुरम विधानसभा की कॉलोनी में कब से शुरू होगा;

ग) यदि नहीं, तो कलस्टर कॉलोनियों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सरकार की क्या योजना है;

घ) क्या यह सत्य है कि आर के पुरम विधान सभा में जितने भी जल कनैक्शन एमवीवी कम्पनी से हैं वो सब उपभोक्ता ज्यादा बिलों से परेशान है;

ङ) यदि हां, तो क्या उनके लिए दिल्ली सरकार की इन बिलों का ऑडिट कराने की कोई योजना है; और

च) यदि हां, तो ये कार्य कब होगा, पूरा विवरण दें?

**17 श्री अजय महावर** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) घोंडा विधान सभा में पानी की पाईप लाईने तथा सीवर की पाईप लाईनें कब डाली गई थी, इसका क्षेत्र अनुसार ब्यौरा दें;

ख) बढ़ती आबादी के मद्देनजर इनकी क्षमता बढ़ाने के लिए जल बोर्ड ने क्या उपाय किये हैं; और

ग) गढ़ी मैण्डू गांव और सुदामापुरी में पेयजल की कमी और दूषित पेयजल की समस्या को कब तक दूर कर दिया जाएगा?

**18 श्री जय भगवान** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बवाना विधान सभा में डी.डी.ए. से जो सेक्टर हैंडओवर किए गए हैं उनके पानी के बिलों की बकाया राशि माफी योजना के तहत माफ करने के लिए क्या प्रावधान है; और

ख) बवाना लाल फ्लैटों में दिल्ली जल बोर्ड का पानी कब तक पहुंचा दिया जाएगा?

**19 श्री अनिल कुमार वाजपेयी** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली की 70 विधान सभाओं में कितने पानी के टैंकरों से सप्लाई की जाती है;

ख) कितने सरकारी टैंकरों से तथा कितने प्राइवेट टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाती है, विधान सभावार विवरण उपलब्ध करवाया जाये;

ग) गाँधी नगर विधान सभा में कितने पानी के टैंकर आते हैं;

घ) इनमें से कितने टैंकर प्राईवेट और सरकारी हैं; और

ड.) गांधी नगर विधान सभा में कहाँ–कहाँ इन टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाती है, इसका विवरण उपलब्ध करवाया जाये?

**20 श्री करतार सिंह तंवर** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) छतरपुर में 80 एमजीडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

ख) क्या वर्तमान वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि की पहचान की गई है, यदि हां तो कृपया विवरण प्रस्तुत करे;

ग) वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण की क्या स्थिति है; और

घ) इस परियोजना को शुरू करने के लिए अपेक्षित समयसीमा क्या है?

**21 श्री सोमनाथ भारती** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अक्टूबर, 2021 तक तैयार होने वाले डीएमए अभी तक कार्यशील क्यों नहीं हुए हैं एवं इनके कार्यशील होने में देरी के क्या कारण हैं और कब तक यह पूर्णतयः कार्यशील हो जाएंगे? क्या दिल्ली जल बोर्ड ने नए डीएमए विकसित करने की नई योजना के अनुरूप सभी आंतरिक लाइनों को बदल दिया है;



ख) कृपया एसी–43 में सभी जल और सीवर परियोजनाओं की सूची प्रदान करे और क्या उन्हें निष्पादित किया गया है या नहीं और यदि निष्पादित किया गया है, तो क्या सड़कों/गलियों को पुर्नगठित और बहाल किया गया है या नहीं, तो उन्हें किस तिथि तक बहाल कर दिया जाएगा;

ग) जब डीजेबी के पास सड़कों और गलियों को बहाल करने की विशेषता नहीं है तो वे पीडब्ल्यूडी और एमसीडी जैसी एजेंसियों में सिर्फ पैसा जमा करके सड़को को बहाल करने की अनुमति क्यों नहीं देते;

घ) एमएनडब्ल्यूएस ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को 24x7 पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य किस हद तक पूरा किया है, इसे कब तक पूरा कर लिया जाएगा? कृपया कॉलोनीवार स्थिति प्रदान करें;

ड.) दूषित पानी की शिकायतों, सिवरेज ओवरफ्लो, कम दबाव और पानी नहीं होने की शिकायतों का निवारण करने हेतु दिल्ली जल बोर्ड की अद्यतन नीति क्या है? रविदास मंदिर, हौज रानी सहित सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या की क्या स्थिति है और रविदास मंदिर के पास में सीवर लाइन में अतिक्रमण करने वाली सम्पत्ति की क्या स्थिति है; और

च) प्रेस इन्क्लेव रोड के साथ सीवर लाइनों के रिहेबलीटेशन की परियोजनाओं की स्थिति क्या है? इसे कब तक पूरा किया जाएगा और इसके साथ ही कृपया मुझे हौज रानी सीवर लाइन जोड़ने की स्थिति के बारे में बताएं?

**22 श्री विजेन्द्र गुप्ता** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार का ऑटोमेटेड सिस्टम ऑफ एलाटमेन्ट गवर्नमेन्ट ऑफ दिल्ली ई–आवास काफी लम्बे समय से काम नहीं कर रहा है;

ख) इस पोर्टल को पुनः कब चालू कर दिया जायेगा;

ग) दिल्ली सरकार के विभिन्न स्थानों पर लोक निर्माण विभाग के किस–किस श्रेणी के कितने फ्लैट्स खाली है; और

घ) ऐसे कितने फ्लैट्स हैं जिनके अलाटी को सेवानिवृत्त हुए एक साल से अधिक हो चुके है और उन्होंने अभी तक सरकारी फ्लैट्स खाली नहीं किया है; और

ङ) ऐसे कितने फ्लैट्स हैं जिनके अलाटी सेवानिवृत्त होने के पश्चात बिना सरकार को अपना फ्लैट सरेन्डर किये हुए बन्द करके कहीं और रहना शुरू कर दिया है और वे आवास अभी तक बन्द पड़े हैं। सरकार ऐसे आवास के बारे में क्या विचार कर रही है?

**23 श्री विजेंद्र गुप्ता लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) रोहिणी सेक्टर–15 व 18 मुनक नहर पर फ्लाई ओवर तथा रैंप बनाने में विलम्ब के क्या कारण हैं;

ख) मधुबन चौक (वजीरपुर से अम्बेडकर अस्पताल) लोक निर्माण विभाग की रोड पर चल रहे निर्माण कार्य को किस विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा, पूर्ण विवरण दें;

ग) यह कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा;

घ) दिल्ली में अभी तक किन–किन स्थानों पर सरकार द्वारा वाई–फाई लगाए गए हैं, पूर्ण विवरण दें; और

ङ) रोहिणी विधान सभा में वाई–फाई लगाने की सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें?

**24. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधान सभा के पिछले 3 सालों में नई रोड, पटरी, पार्क, नाले और डिवाईडर के लिए कितनी–कितनी राशि आवंटित हुई, इनमें से कौन कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कौन–कौन से कार्य अभी बाकी हैं और किन–किन को इनका टेंडर दिया गया, सभी ठेकेदारों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;



ख) मॉडल टाउन विधान सभा में पीडब्ल्यूडी के सिविल विभाग में कितनी मेंटेनेंस गाड़ी चल रही हैं, किस ठेकेदार को इसका आवंटन किया गया है तथा इनमें कार्यरत कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी पीएफ, इएसआई अकाउंट के साथ उपलब्ध कराएं;

ग) मॉडल टाउन विधान सभा में लोक निर्माण विभाग के हॉर्टिकल्चर के कितने डिवीजन आते हैं, इनमें कितनी गाड़ी चलती हैं, कितने कर्मचारी इसमें संलग्न हैं, इन सभी कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी पीएफ, ईएस आई अकाउंट के साथ उपलब्ध कराएं;

घ) पिछले 4 सालों में कितने पौधे विभाग के द्वारा लगाए गए हैं, पौधों को पानी देने की क्या व्यवस्था है और पानी देने की कौन सी एजेंसी आवंटित है और इन पौधों को आवारा पशुओं से बचाने हेतु कौन कौन से उपाए किए गए हैं, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

ड.) मॉडल टाउन विधान सभा में कितनी हाई मास्ट लाईटें हैं, किन किन स्थानों पर हैं, कितनी अभी लगाई जानी बाकी है तथा पिछले 3 सालों में इस विधान सभा में हाईमास्ट लाईट लगाने हेतु कितनी राशि आवंटित की गयी है या की जानी है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं?

**25 श्री मोहन सिंह बिष्ट लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पिछली योजना के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं;

ख) यदि हाँ, तो करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कितने सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये;

ग) यदि नहीं, तो अभी तक करावल नगर विधानसभा में सीसीटीवी कैमरे न लगवाने के क्या कारण हैं और कब तक लगाये जायेंगे; और

घ) इस प्रक्रिया में स्थानीय विधायक की क्या भूमिका होती है?

26. **श्री मोहन सिंह बिष्ट** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रत्येक विधान सभा में मार्गसूचक साइनबोर्ड लगाए गए हैं;

ख) कौन कौन सी विधान सभाओं में ये मार्गसूचक बोर्ड बनाए गए हैं, उनका विधान सभा क्षेत्र अनुसार विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पिक एंड चूज़ के आधार पर बोर्ड लगाए गए हैं;

घ) यदि नहीं, तो दिल्ली के कितने विधान सभा क्षेत्रों में बोर्ड लगाए गए, उसका विवरण दें;

ङ) यदि हां, तो उक्त कार्य के लिए विधान सभा अनुसार कितना कितना बजट खर्च किया गया, उसका विवरण दें; और

च) क्या यह भी सत्य है कि कई विधान सभाओं में आज तक लोक निर्माण विभाग की सड़कें होने के बावजूद भी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

27. **श्री अनिल कुमार वाजपेयी** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गाँधी नगर विधानसभा में कौन–कौन सी सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती हैं, इसका विवरण उपलब्ध कराया जाए; और

ख) कौन–कौन सी सड़क पर कितना काम और कितनी अनुमानित लागत से किया गया है और कहां–कहां कार्य हो रहा है इसका पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए?

28 **श्री ओम प्रकाश शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि विश्वास नगर विधानसभा में लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन व कमरे का निर्माण किया जा रहा है;



ख) यदि हां, तो किन किन स्थानों पर भवन व कमरों का निर्माण का काम किया जा रहा है;

ग) निकट भविष्य में कहां–कहां भवन व कमरों का निर्माण कराया जाएगा, पूर्ण विवरण दें; और

घ) उपरोक्त निर्माण कार्य में संलग्न अधिकारी का नाम, पद सहित पूर्ण विवरण दें?

29 **श्री ओम प्रकाश शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी लगाये जाने का प्रस्ताव था;

ख) यदि हां, तो इस विधानसभा क्षेत्र में अब तक कुल कितने सीसीटीवी कैमरे गए हैं और शेष सीसीटीवी कैमरे कब तक लगा दिए जाएंगे; और

ग) इस विधानसभा में सीसीटीवी कैमरे न लगाए जाने के क्या कारण हैं?

30 **श्री ओम प्रकाश शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 11 मार्च, 2022 तक कुल कितने वाई–फाई हॉट स्पॉट और कुल कितने वाई–फाई बस स्टॉप पर लगाए गये, उनके स्थान व पता सहित पूरा विवरण दें; और

ख) किसी स्थान पर वाई–फाई लगाए जाने की क्या शर्ते हैं और स्थान का चयन करने की क्या प्रक्रिया है और क्या इस स्थान के चयन में क्षेत्रीय विधायक की कोई भूमिका है या नहीं?

**31. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विश्वास नगर विधान सभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की सड़कों के साथ बड़े नाले की सफाई के लिए अप्रैल, 2020 से मार्च, 2022 तक कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

ख) इस सफाई में कुल कितना खर्च हुआ है; और

ग) इस सफाई का कार्य किस एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है?

**32. श्री पवन शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लोक निर्माण विभाग के अधीन सड़कों पर अवस्थित हरित क्षेत्र की सिंचाईं की क्या व्यवस्था है;

ख) टैंकरों के माध्यम से होने वाली हरित पट्टी की सिंचाईं का मौसमानुसार क्या अंतराल निश्चित है;

ग) क्या सिंचाईं के कांट्रेक्ट में विस्तृत दिशानिर्देश ज्ञापित किए जाते हैं कि किस मौसम में कितनी बार सिंचाईं की जाएगी जिससे कि हरित क्षेत्र हराभरा बना रहे;

घ) यदि नहीं, तो क्या यह सत्य है कि सिंचाईं के विषय में विस्तृत दिशानिर्देशों के अभाव में भ्रष्टाचार का भरपूर मौका उपस्थित रहता है; और

ड.) आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में हरित पट्टी/हरित क्षेत्र की सिंचाई में संलग्न एजेंसी के सिंचाईं के कांट्रेक्ट की कापी उपलब्ध करवाएं?

**33. श्री पवन शर्मा** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) आदर्श नगर विधान सभा में रोड नं. 51 अरिहंत मार्ग को चौड़ा करने का कार्य अवरूद्ध होने के क्या कारण हैं;



ख) क्या यह सत्य है कि इस कार्य की सभी रूकावटें समाप्त हो चुकी हैं और 307 मीटर रोड को चौड़ा करने के लिए अनुमानित 1.40 करोड़ रूपए की डिमांड अधिशासी अभियंता ने की हुई है;

ग) क्या यह सत्य है कि इस रोड के चौड़ीकरण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब की वजह से कार्य लागत बढ़ जाएगी; और

घ) यदि इस रोड के चौड़ीकरण में कोई बाधा/दिक्कत है तो इस 300 मीटर के संकरे गलियारे की वजह से लगने वाले लंबे जाम से बचने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**34 श्री अजय महावर** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में नवम्बर, 2020 में सीसीटीवी कैमरे लगने का सर्वे पूर्ण होने और फाईल सम्बन्धित विभाग के पास भेज दिये जाने के बावजूद अभी तक एक भी नया सीसीटीवी कैमरा नहीं लगने के क्या कारण हैं;

ख) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र में अभी तक कितने वाई–फाई लगे हैं और कहां–कहां लगे हैं एवं वर्ष 2022 में घोण्डा विधान सभा में कितने वाई–फाई लगाने का प्रावधान है; और

ग) गामड़ी रोड के दोनों तरफ के नये नाले बनाने का कार्य एवं गामड़ी रोड के मरम्मत का कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा?

**35 श्री सौरभ भारद्वाज** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सड़कों के रखरखाव से संबंधित सभी अनुबंधों का विवरण प्रदान करे, अनुबंधों की प्रति प्रदान करें;

ख) उन सभी सड़कों का विवरण प्रदान करें जिन्हें ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्र में फिर से बनाने की आवश्यकता है, उनकी निविदा की स्थिति प्रदान करे;

ग) ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की उन सड़कों की सूची प्रदान करें जिनमें अंधेरा रहता है;

घ) हंसराज गुप्ता रोड, बीआरटी रोड, विपिन चंद्रपाल रोड, राजा धीर सेन मार्ग, एस बेंड रोड पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए पीडब्ल्यूडी की योजना बताएं; और

ड.) स्थानीय विधायक द्वारा कई शिकायतों के बावजूद रामजी लाल परिसर के पास कालका पब्लिक स्कूल पीडब्ल्यूडी रोड पर अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जा रहा है, विवरण प्रदान करें, संबंधित अधिकारियों के नाम बताएं?

**36 श्री सौरभ भारद्वाज लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) प्रथम चरण में जीके निर्वाचन क्षेत्र में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरों की उनके स्थानों के साथ सूची प्रदान करें;

ख) प्रत्येक सीसीटीवी कैमरे की कार्य करने की/कार्य न करने की स्थिति की जानकारी दें;

ग) कार्य न करने वाले प्रत्येक कैमरे की जानकारी दें कि वे कब से कार्य नही कर रहे;

घ) एसएलए/अनुबंध का अनुपालन न करने पर वेंडर पर लगाए गए जुर्माने की जानकारी दें;

ड.) पीडब्ल्यूडी द्वारा इन कैमरों के रखरखाव एवं एएमसी के लिए भुगतान की गई राशि तथा भविष्य में किए जाने वाले भुगतान की राशि का पूर्ण विवरण दें; और

च) प्रथम चरण में सेंट्रल कमांड सेंटर तथा ग्राउंड टीम से सभी कैमरों की कार्य प्रणाली का वास्तविक सत्यापन कर, इनके काम करने की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं?



**37 श्री एस.के.बग्गा लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में पटपड़गंज रोड को चौड़ा करने की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें;

ग) कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में पटपड़ गंज रोड पर इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा जो कार्य होना है, उसका पूर्ण विवरण दें;

घ) पिछले 2–3 वर्षों में कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में पटपड़गंज रोड के दोनों तरफ नालों की सफाई कब–कब हुई है, उस पर खर्च हुई राशि व ठेकेदारों सहित पूर्ण विवरण दें;

ङ) क्या यह सत्य है कि कृष्णा नगर विधान सभा एसी–60 में एस.डी. एम. ऑफिस के पास कैनाल यूज की सर्विस रोड बनाने की सरकार की कोई योजना है; और

च) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें?

**38 श्री जितेन्द्र महाजन लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वजीराबाद रोड पर मंडोली श्मशान घाट पर प्रस्तावित अंडरपास बनाने हेतु दिल्ली सरकार द्वारा पीडब्ल्यूडी को कितना बजट दिया गया था;

ख) आज तक कितना बजट उसमें से खर्च किया गया है;

ग) कार्य को शूरू करने की तिथि तथा कार्य को समाप्त करने की क्या तिथि थी;

घ) आज तक अंडरपास का कार्य पूरा नहीं किये जाने के क्या कारण है; और

ड.) क्या कार्य को पूरा करने की कोई नई सीमा तय की गई है, पूर्ण जानकारी दी जाए?

**39 श्री जितेंद्र महाजन** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) रोहताश नगर विधानसभा में जल निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी के कितने पंप हाउस हैं, इनका विवरण दिया जाए;

ख) इन पंप हाउसों के संचालन हेतु पिछले 5 वर्षों में किन–किन फर्मों को सिविल तथा इलेक्ट्रिकल का टेंडर जारी किया गया;

ग) सिविल तथा इलेक्ट्रिकल फर्मों को किए गए भुगतान की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

घ) क्या टेंडर की शर्तों को पूरा न करने पर इन फर्मों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई है; और

ङ) यदि हां, तो पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए?

**40 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के किन–किन विधानसभा क्षेत्रों में कितने–कितने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए;

ख) इन सीसीटीवी कैमरों को लगाने पर विधान सभा क्षेत्रवार कितनी–कितनी धनराशि खर्च की गई; और

ग) बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में किन–किन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं?

**41 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के दौरान लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत और डेंस–कारपेटिंग आदि कार्यों के लिए कितनी–कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; और



ख) इन दो वर्षों में उस धनराशि में से कितनी धनराशि खर्च की गई, विधानसभा क्षेत्रवार पूर्ण विवरण दें?

**42 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) आर के पुरम विधान सभा में गंगनाथ मंदिर के पास फुटओवर ब्रिज में लिफ्ट/एस्कलेटर कब तक लगा दिया जाएगा;

ख) क्या दिल्ली सरकार का 2015 से पहले बने सब–वे में विकलांगों की सुविधा के लिए लिफ्ट या एस्कलेटर लगवाने का प्रावधान है? यदि हॉ, तो आर के पुरम विधान सभा में ये कार्य कब से शुरू होगा;

ग) आर के पुरम विधान सभा में जितने भी फुट ओवर ब्रिज है उनमें लिफ्ट/एस्कलेटर कब तक लगा दिए जाएंगे;

घ) क्या आर के पुरम के बेनिटो हुआरेज मार्ग पर विशेष सौन्दर्यीकरण की कोई योजना है? यदि हॉ, तो ये कार्य कब शुरू होगा और बेनिटो हुआरेज मार्ग के अंडरपास का काम कब तक पूर्ण होगा;

ड.) मुनिरका व आईआईटी के फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य कब तक शुरू होगा; और

च) सेक्टर 08 आर के पुरम में केंद्रीय विद्यालय के सामने जो फुटओवर ब्रिज बनाना था वो कब तक बनेगा?

**43 श्री जय भगवान** **लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि बवाना विधान सभा के बवाना और कंझावला रोड जो 80 फीट और 82 फीट के हैं, यह दोनों रोड 100 साल पुराने रोड हैं;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि बवाना औद्योगिक क्षेत्र, लैंड पुलिंग पालिसी, रोहिणी के सेक्टर का विस्तार, गॉव में कालोनी की बढ़ती आबादी के कारण इन दोनों रोड पर जाम लगता है; और

ग) यदि हां, तो जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**44 श्री जय भगवान — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि बवाना विधानसभा में रोड, नाले, सेंटर वर्ज, साइट फुटपाथ व रोड के सौंदर्यीकरण के विकास का कार्य स्ट्रीट्स स्कैपिंग परियोजना के किया जाना है; और

ख) यदि हां, तो यह कब तक पूर्ण होगा?

**45 श्री करतार सिंह तंवर — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि मांडी रोड, एमजी रोड से दिल्ली–हरियाणा बार्डर रोड के चौड़ीकरण की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण के लिए संबंधित विभाग कौन सा है;

ग) भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है;

घ) क्या कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा डीपीआर विकसित किया गया है; और

ड.) परियोजना को पूरा करने का अनुमानित समय क्या है?

**46 श्री सोमनाथ भारती — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 05 वर्षों में जिन नालों से गाद निकली, उनकी सूची तथा इस काम में ही लगी हुई एजेंसी के नाम, संपर्क नंबरों के साथ उपलब्ध कराएं;

ख) मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आने वाली सड़कों की सूची एवं नालियों, फुटपाथों तथा सड़कों की स्थिति? इनकी मरम्मत के कार्य अंतिम बार कब किए गए थे ;



ग) उन स्थानों का विवरण जहां दिल्ली सरकार द्वारा भारतीय झण्डें लगाए गए थे और क्या यह झण्डे डीडीए भूमि में भी स्थापित किए जा सकते हैं, यदि हां तो कृपया प्रक्रिया प्रदान करें। यदि नहीं, तो क्यों नहीं;

घ) मालवीन नगर विधान सभा क्षेत्र में निर्माणाधीन मोहल्ला क्लीनिक की स्थिति तथा बी5/1 सफदरगंज एंन्क्लेव के सामने दिल्ली जल बोर्ड संपत्ति पर बनाए जाने वाले मोहल्ला क्लीनिकों की स्थिति;

ड.) मोहल्ला क्लीनिक की चाहरदीवारी और एसी–43 में मोहल्ला क्लीनिक के आसपास की बची हुई भूमि का सौंदर्यीकरण होना है किसके अधिकार क्षेत्र में है, वे मूल योजना का हिस्सा क्यों नहीं है? कृपया उसी से संबंधित नीति प्रदान करें; और

च) युसुफ सराय मार्केट में युसुफ सराय पीडब्लयूडी रोड, फुटपाथ, हौज खास मार्किट, ग्रीन पार्क मार्किट, एसडीए मार्किट, मालवीयनगर मार्किट, बी6 कमल सिनेमा सफदरगंज एन्क्लेव के सौंदर्यीकरण की योजना की क्या स्थिति है?

**47 श्री प्रकाश जारवाल — राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या खसरा नं0 25, ग्राम देवली– बिस्वा–31, 2 बीघा ग्राम सभा (राजस्व) की भूमि है;

ख) क्या यह जमीन अभी भी राजस्व विभाग के पास है या डीडीए को हस्तांतरित कर दी गई है;

ग) क्या इस भूमि पर गौशाला, पुस्तकालय या किसी अन्य जनोपयोगी उपयोगिता को विकसित करने का कोई प्रावधान/प्रस्ताव है;

घ) क्या पीएम उदय के तहत ग्राम सभा की जमीन निजी व्यक्ति को हस्तांतरित की जा सकती है और अगर गलत तरीके से हस्तांतरित कर दी गई हो तो क्या कार्यवाई की जाती है; और

ड.) अतिक्रमित राजस्व भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए क्या कार्यवाई की जा रही है?

**48 श्री जय भगवान** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बवाना विधान सभा में ग्राम सभा की कितनी जमीन डीडीए को दी गयी है और कितनी बाकी रह गयी है; और

ख) जो जमीन रह गयी है उस पर राजस्व विभाग की क्या परियोजना है?

**49 श्री अजय दत्त** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) अम्बेडकर नगर विधान सभा में राजस्व विभाग द्वारा कितने सिविल डिफेंस वालंटियर्स कहां–कहां कार्यरत है; इनकी पूर्ण सूची नाम, नंबर एवं पीएफ, ई.एस.आई. सी के साथ उपलब्ध कराई जाए;

ख) अम्बेडकर नगर विधान सभा में कितने सिविल डिफेंस वालंटियर्स अब तक सी फार्म भर कर ट्रेनिंग ले चुके हैं; और

ग) इनमें से कितने लोगों को नौकरी पर तैनात किया गया है तथा इनकी सैलरी की व्यवस्था किस तरह से की गई है तथा किस तिथि को कितनी सैलरी इनको दी जाती है; पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए ?

**50 श्री सोमनाथ भारती** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) डीडीए को सौंपी गई ग्राम सभा की भूमि की सूची उपलब्ध कराएं, क्या उन्हें डीडीए द्वारा वास्तविक रूप से सौंप दिया गया है;

ख) ऐसी कितनी भूमि पहले से ही अतिक्रमण के अधीन है और ऐसी भूमि को वास्तविक रूप से सौंपने का कार्य कब पूरा किया जाएगा; और

ग) क्या यह सच है कि ऐसी कुछ भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है और उन्होंने पीएमयूडीएवाई योजना के तहत अपने अतिक्रमण को वैध बनाने का प्रयास किया है यदि हां, तो कृपया ऐसी भूमि की सूची उपलब्ध कराएं?



**51 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के माध्यम से कुल कितनी कॉलोनियों में विकास कार्य किये जा रहे हैं;

ख) दिल्ली सरकार द्वारा इन कॉलोनियों के विकास के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को कुल कितना बजट दिया गया, विधानसभावार विवरण दें; और

ग) सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा दिल्ली के अंतर्गत कितनी कॉलोनियों में विकास कार्य किये जा रहे हैं, विधानसभावार विवरण दें?

**52. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा में गांव में खेती की जमीन पर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के नाले बने हुए हैं;

ख) यदि हां, तो किन किन गांवों की जमीन के बीच से बाढ़ नियंत्रण विभाग के नाले गुजर रहे हैं;

ग) उन गांवों के कौन कौन से खसरे से ये नाले गुजर रहे हैं, उनका विवरण दें; और

घ) जिन खसरों से ये नाले गुजर रहे हैं वहां किसानों द्वारा कितनी कितनी जमीन सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को दे दी गयी है, उसका विवरण देने की कृपा करें?

**53 श्री अनिल कुमार वाजपेयी** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गांधी नगर विधान सभा में 2015 से लेकर अब तक सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा और विधायक निधि से कितना कार्य कितनी लागत से कराया गया है? इसका पूरा विवरण उपलब्ध करवाया जाये?

**54 श्री अभय वर्मा** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा अप्रैल 2020 से अब तक कितने कार्य पूरे कर लिये गये हैं, विवरण दें;

ख) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कितने कार्य चल रहे हैं तथा वे सभी कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे;

ग) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के जोन–1, सिविल खंड–3 के अधीन अनधिकृत कॉलोनी से संबंधित कितने कार्यों की फाईल लंबित हैं और कब से लंबित हैं, पूर्ण विवरण दें;

घ) लंबित फाईल पास न होने के क्या कारण हैं और यदि इसका एक कारण बजट का न मिलना है तो इसके लिए बजट कब तक उपलब्ध करवा दिया जायेगा;

ड.) अनधिकृत कॉलोनी के विकास हेतु बजट उपलब्ध करवाने के क्या प्रावधान हैं तथा लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में अभी तक बजट नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं; और

च) दिल्ली की सभी अनाधिकृत कॉलोनियों में अप्रैल 2020 से अब तक कुल कितना–कितना बजट और कब–कब उपलब्ध कराया गया, पूर्ण विवरण दें?

**55 श्री भूपिंदर सिंह जून** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सच है कि आई एंड एफसी जैसे सरकारी विभाग निजी फर्म/ठेकेदारों को बहुत कम दरों पर यानी निविदा राशि से 50–60 प्रतिशत कम पर काम दे रहे हैं;

ख) यदि ठेकेदारों/फर्मों द्वारा उद्धत दरें निविदा की अनुमानित दर की तुलना में 50 प्रतिशत से कम हैं तो क्या फिर भी किसी विभाग



द्वारा सीपीडब्ल्यूडी मैनुअल और दिशानिर्देशों के तहत काम दिया जा सकता है;

ग) क्या इस प्रकार का कोई प्रस्ताव अथवा परंपरा है जिसके अनुसार कार्य निष्पादन की गारंटी हेतु शेष राशि/मार्जिन मनी को जमा कराया जा सके, ताकि फर्म/कंपनी द्वारा कार्य को संतोषजनक ढंग से एंव गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जा सके;

घ) क्या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में किसी फर्म/ठेकेदार को कार्य को बीच में छोड़ने या निर्धारित अवधि में उसे पूरा नहीं करने पर ब्लैक लिस्ट करने का कोई नियम/दिशानिर्देश हैं; और

ड.) क्या किसी स्वतंत्र सरकारी निकाय द्वारा किसी तीसरे पक्ष के ऑडिट की अनुपस्थिति में ठेकेदारों/फर्मों द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र है?

**56 श्री अजय महावर** **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में प्राकृतिक रुप से जोहड़ को तैयार किया जाना था, यदि हां, तो घोंडा विधान सभा में पुराना गढ़ी मेंडू गांव में स्थित जोहड़ का पुर्णोद्धार कब तक किया जाएगा;

ख) घोंडा विधान सभा क्षेत्र के लिए विधायक निधि के अतिरिक्त सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को कितना विभागीय फंड दिया गया है तथा उस फंड को कहां–कहां पर और कितना खर्च किया गया है एवं शेष फंड को किस तरह से खर्च किया जाना है, कृपया इसका ब्यौरा दें;

ग) यमुना पार क्षेत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की कुल कितनी डिविजन कार्यरत हैं, प्रत्येक डिविजन में किराए पर चल रहे ट्रैक्टरों की संख्या एवं किराए हेतू 2020–2022 तक किये गए भुगतान की जानकारी दी जाए एवं कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या बताई जाए;

घ) प्रत्येक डिविजन द्वारा वर्ष 2020–22 तक प्रदूषण की रोकथाम के लिए कितना खर्चा किया गया तथा आवंटित कार्यों के लिए कोई टेंडर जारी किए गए, यदि हां तो टेंडर्स का विवरण उपलब्ध करवाया जाए; और

ड.) यदि वर्ष 2020–22 के मध्य कुछ काम बिना टेंडर के किए गए हैं तो इसकी पूर्ण जानकारी एवं भुगतान की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए?

**57 श्री सुरेन्द्र कुमार — सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधानसभा के विकास हेतु पिछले 2 वर्षों में अब तक कितनी कॉलोनियों के विकास की स्कीमें बनाई गई हैं;

ख) यदि हाँ, तो उनका बजट कितना आंबटित हुआ है; और

ग) गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु पिछले 2 वर्षों में बनाई गई स्कीमों को एस.ई. द्वारा बार–बार रोके जाने के क्या कारण हैं?

**58 श्री अभय वर्मा — उच्च शिक्षा**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय कहां पर स्थित है;

ख) स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के लिए कौन–कौन से पदों की नियुक्तियां की गयी हैं और उनके वेतन पर प्रतिमाह कुल कितना खर्च किया जा रहा है;

ग) स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के लिए भवन या परिसर बना है या नहीं, यदि बनने वाला है तो इस पर कितना बजट आबंटित किया गया है और यदि अभी तक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स नहीं बना है तो इसके क्या कारण हैं;

घ) स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के लिए सरकार का कुल कितना बजट है; और



ङ) स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय के प्रचार–प्रसार पर अब तक कुल कितना खर्च किया गया है?

**59 सुश्री भावना गौड़ — उच्च शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न कालेजों में प्रिंसिपल के पद रिक्त पड़े है और उनके स्थान पर कार्यवाहक प्रिंसिपल अथवा विशेष कार्याधिकारी कॉलेज चला रहे है;

ख) यदि हां, तो कौन–कौन से कॉलेजों में प्रिंसिपल के पद रिक्त हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि कुछ कॉलेजों के कार्यवाहक प्रिंसिपलों के सम्बन्ध में इस पद के लिए अयोग्य होने की जानकारियां सामने आयी है;

घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में प्रशासन द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गयी है; और

ड.) दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में स्थायी प्रिंसिपल तथा कार्यवाहक प्रिंसिपल की नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यताओं का क्या ब्यौरा है?

**60. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — रोजगार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधानसभा के अंतर्गत बेरोजगारी पंजीकरण के तहत कितने बेरोजगारों ने पंजीकरण कराया है; और

ख) इनमें से कितने बेरोजगारों को किन–किन विभागों में रोजगार दिया गया है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए?

**61 श्री विजेन्द्र गुप्ता — रोजगार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) रोजगार निदेशालय में रोजगार पाने के लिए शुरू किया गया ऑनलाइन पोर्टल सुविधा कब से काम नहीं कर रहा है;

ख) क्या सरकार ने इस ऑनलाइन पोर्टल को बन्द कर दिया है;

ग) यदि नहीं, तो इसे पुनः कब से चालू कर दिया जायेगा; और

घ) इस पोर्टल के इतने लम्बे समय से पुनः बहाल न करने के लिए कौन जिम्मेदार है?

**62 श्री सोमनाथ भारती** **तकनीकी शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि विभाग को मेरे कार्यालय से आईटीआई मालवीय नगर पुर्नविकास और उसे एक कौशल केंद्र में बदलने के अनुरोध के साथ पत्र प्राप्त हुए हैं; और

ख) यदि हां, तो उस अनुरोध की स्थिति क्या है?

**63. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधान सभा में ग्रामीण बोर्ड द्वारा पिछले 5 सालों में कितने कार्य आवंटित हुए, कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए, कितने अभी बाकी हैं और कितने कार्य अभी प्रगति पर हैं;

ख) मॉडल टाउन विधान सभा में ग्रामीण बोर्ड द्वारा कितने नए कार्यों के एस्टीमेट प्राप्त हुए तथा जो नए प्रस्तावित कार्य प्राप्त हुए हैं, इनका आवंटन कब तक कर दिया जाएगा और कब तक इनको पूर्ण कर लिया जाएगा, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

ग) मॉडल टाउन विधान सभा में ग्रामीण बोर्ड के माध्यम से कौन कौन से कार्यों के एस्टीमेट दिए जा सकते हैं, पूर्ण सूची देने का कष्ट करें?

**64. श्री जितेन्द्र महाजन** **सतर्कता**

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 07 वर्षो में दिल्ली सरकार के कितने कर्मचारियों के विरुद्ध सतर्कता विभाग को शिकायत प्राप्त हुई हैं; और



ख) विभाग द्वारा ऐसे कितने सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है, पूर्ण विवरण उपलब्ध करवाएं?

**राजकुमार**
**सचिव**